विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा -2

कक्षा : बारहवीं

विषय : हिंदी (302) अधिकतम अंक : 80

दिनांक : 23-09-2024 निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश :-

निम्नलिखित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :-

- प्रश्न-पत्र तीन खण्डों - क, ख और ग में विभाजित है |
- खण्ड- 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं |
- खंड- 'ख' में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं |
- खंड 'ग' में आरोह भाग-2 एवं वितान भाग-2 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आतंरिक विकल्प दिए गए हैं |
- यथा संभव तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

खंड- 'क' (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-

मनुष्य के लिए भोजन एक सबसे महत्वपूर्ण विषय है। भोजन के लिए लोग न जाने क्या-क्या करते हैं और न जाने कहाँ से कहाँ तक चले जाते हैं, फिर भी हमारी दुनिया की एक बड़ी सच्चाई है कि रोज लगभग 70 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं, जिनमें से करीब 25 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं। दुनिया में बहुत प्रयासों के बावजूद खाद्य असुरक्षा की समस्या बढ़ती चली जा रही है। जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक बारिश या कम बारिश के कारण भी सामान्य खाद्यान्न उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है। दुनिया के एक बड़े इलाके में स्थाई रूप से खेती प्रभावित होने लगी है। लोग खेती छोड़कर दूसरे व्यवसायों में लगने को मजबूर हो रहे हैं और खेती करने वालों की संख्या घट रही है। कृषि उत्पादों की कीमत बढ़ रही है और लगे हाथ मंदी का दौर भी चल ही रहा है। तो कुल मिलकार दुनिया में यह एक बड़ी चिंता है कि आने वाले समय में वंचितों या भूखे लोगों का पेट कैसे भरा जाएगा ? ऐसे में, 'ब्ल्यू फ़ूड' की चर्चा दिनोंदिन तेज़ होती जा रही है। 'ब्ल्यू फ़ूड' मतलब जलीय खाद्य पदार्थ।

इसमें कोई शक नहीं कि हमें पानी से मिलने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन हमने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जलीय खाद्य पदार्थ क्षेत्र में कितनी संभावना है। खाद्य आपूर्ति की हमारी योजनाओं में थल भाग या खेतों-वनों में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ की ही बहुलता होती है। ये ब्ल्यू फ़ूड' कई खाद्य प्रणालियों का महत्वपूर्ण घटक है फिर भी खाद्य नीति बनाते समय इन पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। हमें अपनी खाद्य नीति में जलीय खाद्य पदार्थों को भी शामिल करके खाद्य सुरक्षा का विस्तार करना चाहिए। भारत में ओडिशा या दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में दोपहर के भोजन में 'ब्ल्यू फ़ूड' के ही एक प्रकार मछली का उपयोग शुरू हो रहा है, लेकिन इस कार्य को बड़े पैमाने पर उन तमाम क्षेत्रों में तो किया ही जा सकता है,

जहाँ जलीय खाद्य पदार्थों की प्रचुर उपलब्धता है। जलीय खाद्य पदार्थ, मीठे पानी और समुद्री परिवेश से प्राप्त पशु, पौधे और शैवाल दुनिया में **3.2** अरब से भी अधिक लोगों को प्रोटीन की आपूर्ति करते हैं। दुनिया के कई तटीय, ग्रामीण समुदायों में यह पोषण का मुख्य आधार है। यह बात भी छिपी नहीं है कि जलक्षेत्र **80** करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका का आधार है।

लेकिन इतना विशाल क्षेत्र होने के बावजूद दुनिया में लोग भूखे सोने को मज़बूर हैं। पोषण का बड़ा अभाव है। हमें ज़मीन आधारित खाद्य प्रणालियों की सीमा और उसके खतरों को भी समझना चाहिए। गौर कीजिए, ये खाद्य प्रणालियाँ संपूर्ण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एक- चौथाई के लिए ज़िम्मेदार हैं। अतः जलीय खाद्यों को बढ़ावा देने के बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिए। यह पौष्टिक और टिकाऊ आधार है। जिन देशों में जलीय खाद्य की संभावना ज़्यादा है, उन देशों को अपने यहाँ भोजन स्रोत में परिवर्तन पहले करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज़ होने चाहिए। एक सभ्य दुनिया में भोजन से जुड़े नैतिक दबावों के बजाय ज़्यादा ज़रूरी यह है कि किसी भी इनसान को भूखे न सोना पड़े।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का वर्ण्य विषय हो सकता है— (1)

(क) बढ़ती खाद्य समस्या (ख) खाद्य असुरक्षा की समस्या

(ग) जलीय खाद्य की ज़रूरत (घ) भुखमरी की समस्या

(ii) उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि खाद्यान्न कम क्यों हो रहा है ? (1)

(क) कृषि योग्य भूमि का कम होना (ख) धरती के तापमान का बढ़ना

(ग) सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भरता (घ) लोगों की कृषि कार्यों में अरुचि

(iii) दिनोंदिन बढ़ती खाद्य समस्या से कैसे निपटा जा सकता है **?** (1)

(क) कृषि संबंधी उत्पाद बढ़ाकर (ख) जलीय खाद्य पदार्थों का सेवन कर

(ग) फल-सब्ज़ियों का सेवन कर (घ) डेरी उत्पादों का सेवन कर

(iv) जलीय खाद्य पदार्थ से क्या अभिप्राय है **?** (1)

(v) हमारी खाद्य आपूर्ति की योजनाओं में किन उत्पादों पर विचार नहीं किया जाता **?** (2)

(vi) पूर्वी या दक्षिण भारतीय राज्यों में 'ब्ल्यू फूड' के रूप में कौन-सा फूड खाया जाता है **?** (2)

(vii) दुनिया के कई तटीय और ग्रामीण समुदायों में भोजन का मुख्य आधार क्या है ? (2)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :-

हो मन के अनुकूल
उसे ही सुख कहते हैं,
मन से जो प्रतिकूल
उसे ही दु:ख कहते हैं ।
गमनागमन किया करते हैं
इच्छा के वाहन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में ।
दूल्हे जैसा सर्वप्रतीक्षित
सुख आता है
अनचाहे मेहमान सरीखा
दुख जाता है
एक गया तो दूजा आया
पड़ें न उलझन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।
सुख फूलों-सा मनमोहक
सुंदर दिखता है
फिर दु:ख आता है तो
काँटों-सा चुभता है
एक हँसाता एक रुलाता
क्रमशः मन के वन में
आते हैं, जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।
दोनों का ही कुछ स्वतंत्र
अस्तित्व नहीं है
और किसी का कुछ भी
स्थायित्व नहीं है
दु:ख भोगा सुख की
तलाश में
मिला न तन-धन में
आते हैं जाते हैं
सुख-दु:ख इस जीवन में।

(i) कवि हमें उलझन में न पड़ने की सलाह दे रहे हैं क्योंकि कवि के अनुसार- कथन (1)

(i) सुख फूलों जैसा मनमोहक दिखता है।

(ii) मानव जीवन में सुख और दुःख का आना-जाना लगा रहता है।

(iii) एक दूल्हे जैसा आता है और एक अनचाहे मेहमान जैसा चला जाता है।

(iv) सुख और दुःख दोनों का स्वतंत्र अस्तित्व है।

विकल्प

(क) कथन (**i)** व (**iv)** सही हैं।

(ख) कथन (**i)** व (**ii)** सही हैं।

(ग) कथन (**ii)** व (**iii)** सही हैं।

(घ) कथन (**iii)** व (**iv)** सही हैं।

(ii) कवि ने सुख को 'दूल्हे जैसा सर्वप्रतीक्षित कहा है, क्योंकि- (1)

(क) सुख दूल्हे की तरह आकर्षक लगता है।

(ख) दूल्हा एक निश्चित उम्र पर पहुँचने पर ही मिलता है, उसी तरह सुख भी निश्चित समय पर

(ग) विवाह के समय सब लोग जिस प्रकार दूल्हे की प्रतीक्षा करते हैं, उसी तरह लोग जीवन में सुख की प्रतीक्षा करते हैं।

(घ) दूल्हे के लिए जिस प्रकार की भावनाएँ मन में होती हैं, वैसी ही भावनाएँ सुख की कामना करने वालों के मन में होती हैं ।

(iii) काव्यांश के अनुसार सुख-दुःख का वाहन क्या है**?** (1)

(क) मन **(**ख) तन और मन **(**ग) इच्छा **(**घ) प्रतीक्षा

(iv) कवि के अनुसार मनुष्य दुःख क्यों भोगता है **?** (1)

(v) दुःख भोगा सुख की तलाश में मिला न तन-धन में आते हैं जाते हैं | पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए | (2)

(vi) कविता का सारगर्भित संदेश लिखिए | (2)

खंड-'ख' (अभिव्यक्ति और माध्यम)

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक (अप्रत्याशित) लेख लिखिए :- **(**6x1=6**)**

(क) अत्यधिक भोजन करने की संस्कृति और स्वास्थ्य पर इसके परिणाम

(ख) जातिवाद का ज़हर

(ग) दूरस्थ कार्य: वरदान या अभिशाप**?**

4. निम्नलिखित पाँच में से चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:- **(**2x4=8**)**

(i) समाचारपत्रों और दूसरे जनसंचार माध्यमों को सामान्य समाचारों से अलग हटकर विशेष क्षेत्रों या विषयों के बारे में भी निरंतर और पर्याप्त जानकारी क्यों देनी पड़ती है ?

(ii) फीचर कैसे लिखें ? प्रमुख बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए |

(iii) विशेष लेखन के विविध क्षेत्रों का वर्णन कीजिए |

(iv) कहानी और नाटक में क्या-क्या समानताएँ होती हैं ?

(v) रेडियो पर प्रसारित करने के लिए नाटक कैसे तैयार (बनता) किया जाता है?

5. निम्नलिखित तीन में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए :- **(**4x2=8**)**

(i) कहानी का नाट्य रूपांतरण करते समय बरती जानेवाली सावधानियों को सोदहरण स्पष्ट करें |

(ii) विशेष लेखन के प्रकार बताते हुए किसी एक लेखन को विस्तार से लिखें |

(iii) विविध जनसंचार माध्यमों **-** प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट से जुड़ी 5-5 खूबियों और

खामियों को लिखते हुए एक तालिका तैयार करें |

खंड-'ग' (साहित्य: आरोह, वितान-2)

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए :- **(5x1=5)**

सबसे तेज़ बौछारें गयीं। भादो गया
सवेरा हुआ
अपनी नई चमकीली साइकिल तेज चलाते हुए
घंटी बजाते हुए ज़ोर - ज़ोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए
खरगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा
शरद आया पुलों को पार करते हुए
कि पतंग ऊपर उठ सके-
दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज
उड़ सके-
दुनिया का सबसे पतला कागज उड़ सके-
बाँस की सबसे पतली कमानी उड़ सके
कि शुरू हो सके सीटियों, किलकारियों और
तितलियों की इतनी नाज़ुक दुनिया।

(i) बच्चे पतंगों के साथ-साथ किस के सहारे उड़ रहे हैं **?**
(क) फूलों (ख) तंतुओं (ग) धागे (घ) कल्पना

(ii) कविता में **'**कपास**'** किसका प्रतीक है**?**
(क) प्रकाश (ख) कोमलता (ग) सफेदी (घ) शांति

(iii) कौन-सी ऋतु आकाश को मुलायम बना देती है **?**
(क) ग्रीष्म (ख) वसंत (ग) शरद (घ) वर्षा

(iv) पतंग कविता में लाल सवेरा को कैसा कहा गया है **?**
(क) खरगोश की आँखों जैसा (ख) उजाला
(ग) कपास जैसा (घ) चमकीला

(v) पतंग**'** कविता के कवि हैं-
(क) आलोक रस्तोगी (ख) आलोक मिश्रा (ग) आलोक धन्वा (घ) आलोक श्रीवास्तव

7. निम्नलिखित तीन में से किंही दो प्रश्नों उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:- **(3x2=6)**

(i) कुंभकरण ने रावण को किस सच्चाई का आइना दिखाया?

(ii) अपमान जनक कार्यक्रम समाज को क्या संदेश देते हैं **?** 'कमरे में बंद अपाहिज' कविता के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए |

(iii) 'बात सीधी थी पर' कविता में कवि क्या कहना चाहते हैं?

8. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:- **(2x2=4)**

(i) आत्मपरिचय' कविता में कवि ने अपने जीवन में किन परस्पर विरोधी बातों का सामंजस्य बिठाने की बात की है?

(ii) 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(iii) तुलसी युग की समस्याएँ क्या वर्तमान समाज में भी विद्यमान हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :- (5x1=5)

मैं असल में था तो इन्हीं मेढक-मंडली वालों की उमर का, पर कुछ तो बचपन के आर्यसमाजी संस्कार थे और एक कुमारसुधार सभा कायम हुई थी उसका उपमंत्री बना दिया गया था | समाज-सुधार का जोश कुछ ज्यादा ही था। अंधविश्वासों के खिलाफ तो तरकस में तीर रखकर घूमता रहता था। मगर मुश्किल यह थी कि मुझे अपने बचपन में जिससे सबसे ज्यादा प्यार मिला वे थीं जीजी। यूँ मेरी रिश्ते में कोई नहीं थीं। उम्र में मेरी माँ से भी बड़ी थीं, पर अपने लड़के-बहू सबको छोड़कर उनके प्राण मुझी में बसते थे और वे थीं उन तमाम रीति-रिवाजों, तीज-त्योहारों, पूजा-अनुष्ठानों की खान जिन्हें कुमारसुधार सभा का यह उपमंत्री अंधविश्वास कहता था, और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकना चाहता था। पर मुश्किल यह थी कि उनका कोई पूजा-विधान, कोई त्योहार अनुष्ठान मेरे बिना पूरा नहीं होता था क्योंकि वे हमारा कल्याण चाहती थीं | लेकिन इस बार मैंने साफ़ इन्कार कर दिया। नहीं फेंकना है मुझे बाल्टी भर-भरकर पानी इस गंदी मेढक-मंडली पर। जब जीजी बाल्टी भरकर पानी ले गईं-उनके बूढ़े पाँव डगमगा रहे थे, हाथ काँप रहे थे, तब भी मैं अलग मुँह फुलाए खड़ा रहा। शाम को उन्होंने लड्डू-मठरी खाने को दिए तो मैंने उन्हें हाथ से अलग खिसका दिया। मुँह फेरकर बैठ गया, जीजी से बोला भी नहीं। पहले वे भी तमतमाई, लेकिन ज्यादा देर तक उनसे गुस्सा नहीं रहा गया। पास आकर मेरा सर अपनी गोद में लेकर बोलीं, 'देख भइया, रूठ मत। मेरी बात सुन। यह सब अंधविश्वास नहीं है। हम इन्हें पानी नहीं देंगे तो इंद्र भगवान हमें पानी कैसे देंगे**?**" मैं कुछ नहीं बोला। फिर जीजी बोलीं, "तू इसे पानी की बरबादी समझता है पर यह बरबादी नहीं है। यह पानी का अर्घ्य चढ़ाते हैं, जो चीज मनुष्य पाना चाहता है उसे पहले देगा नहीं तो पाएगा कैसे **?** इसीलिए ऋषि-मुनियों ने दान को सबसे ऊँचा स्थान दिया है।"

(i) जीजी ने इंदर सेना पर डाले हुए पानी को क्या कहा **?**
(क) सूर्य देवता को अर्घ्य (ख) देवताओं ने
(ग) इंद्र देवता को अर्घ्य (घ) किसान को अर्घ्य

(ii) किन लोगों ने त्याग और दान की महिमा का गुणगान किया है **?**
(क) ऋषि-मुनियों ने (ख) बादल को अर्घ्य (ग) राजनीतिज्ञों ने (घ) शिक्षकों में

(iii) लेखक किस सभा के उपमंत्री थे?
(क) युवक सभा के (ख) बाटला सभा के
(ग) कुमार सुधार सभा के (घ) आर्य सभा के

(iv) इंदर सेना द्वारा जल का दान माँगने को लेखक क्या कहता है**?**
(क) अंधविश्वास (ख) लोक विश्वास (ग) धार्मिक विश्वास (घ) लोक परंपरा

(v) जीजी लेखक के हाथों पूजा-अनुष्ठान क्यों कराती थी**?**
(क) अपने कल्याण के लिए (ख) लेखक के कल्याण के लिए
(ग) समाज-कल्याण के लिए (घ) परिवार के कल्याण के लिए

10. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए:- (3x2=6)

(i) महादेवी वर्मा और भक्तिन के संबंधों की तीन विशिष्टताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'काले मेघा पानी दे' के आधार पर लिखिए कि आज कैसी स्थितियों के कारण लेखक को कहना पड़ा-आखिर कब बदलेगी यह स्थिति ?

(iii) जाति और श्रम विभाजन में बुनियादी अंतर क्या है ? ' श्रम विभाजन और जातिप्रथा' के आधार पर उत्तर दीजिए।

11. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए:- **(**2x2=4**)**

(i) 'बाज़ार का जादू क्या है ? उसके चढ़ने-उतरने का मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

(ii) डॉ० भीमराव अम्बेडकर की कल्पना के आदर्श समाज की आधारभूत बातें संक्षेप में समझाइए।

(iii) 'बाज़ार दर्शन' निबंध उपभोक्तावाद एवं बाज़ारवाद की अंतर्वस्तु को समझाने में बेजोड़ है।'-उदाहरण देकर इस कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

12. निम्नलिखित तीन में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए:- **(**5x2=10**)**

(i) सिल्वर वैडिंग' के आधार पर उन जीवन-मूल्यों पर विचार कीजिए जो यशोधर बाबू को किशनदी से उत्तराधिकार में मिले थे। आप उनमें से किन्हें अपनाना चाहेंगे?

(ii) किस घटना से पता चलता है कि लेखक की माँ उनके मन की पीड़ा समझ रही थीं? 'जूझ' कहानी के आधार पर बताइए।

(iii) जूझ' शीर्षक कहानी के मुख्य पात्र की चारित्रिक विशेषता को उजागर करता है। स्पष्ट कीजिए।